Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 3 ▫ रायपुर, रविवार 25 जनवरी 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## शुभकामनाएं



गणतंत्र दिवस अवसर पर विज्ञापन दाताओं, अभिकर्ताओं, पाठकों एवं शुभचिंतकों को बधाई-शुभकामनाएं।

### कल अवकाश

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर कल 26 जनवरी 2026 दिन सोमवार को हाईवे चैनल कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 27 जनवरी को प्रकाशित होगा। -संपादक

## ब्रेकिंग न्यूज

### सरकारी नौकरी का झांसा देकर की 20 लाख की ठगी, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**दुर्ग, 25 जनवरी (हाईवे चैनल)।** शासकीय चिकित्सक के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर 20 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने महासमुंद निवासी एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मामला दुर्ग के थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, अंजोरा निवासी सचिन मालगी ने 29 अगस्त 2025 को सिटी कोतवाली दुर्ग में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी विकास चंद्राकर ने उसे शासकीय चिकित्सक की नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया और इसी आधार पर मई 2023 में उससे 20 लाख रुपये प्राप्त किए। लंबे समय तक इंतजार के बावजूद न तो नौकरी लगी और न ही पूरी राशि वापस की गई। शिकायत की जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी की पतासाजी कर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की।



# गणतंत्र दिवस पर डीजी जेल हिमांशु गुप्ता समेत 25 अधिकारी को मिलेगा राष्ट्रपति पदक

### राज्यपाल डेका करेंगे सम्मानित, वीरता पदक के लिए चयनित सभी अफसर-कर्मी सुकमा व दंतेवाड़ा के



**रायपुर, 25 जनवरी (हाईवे चैनल)।** स्वतंत्रता दिवस 2025 के मौके पर महानिदेशक जेल हिमांशु गुप्ता समेत पुलिस विभाग के आईजी ध्रुव गुप्ता अ अ वि व पीएचक्यू, एसएसपी सूरजपुर प्रशांत ठाकुर समेत 25 अफसर-कर्मियों को राष्ट्रपति का पुलिस पद देने की घोषणा की गई. इन्हें 26 जनवरी 2026 को पुलिस मैदान रायपुर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में राज्यपाल रमेन डेका द्वारा राष्ट्रपति पदक प्रदान किया जाएगा।

केन्द्रीय गृह विभाग के मुताबिक डीजी जेल गुप्ता को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक और सराहनीय सेवाओं के लिए आईजी ध्रुव गुप्ता, डीआईजी प्रशांत ठाकुर, सेनानी 19वीं वाहिनी छसबल जगदलपुर श्वेता राजमणी, पुलिस अधीक्षक, जिला-कोरिया रवि कुमार कुर्रे, निरीक्षक अ/स्टेनो पीएचक्यू कौशिल्या भट्ट, समनि (गुप्तवार्ता) पीएचक्यू रोहित कुमार झा, निरीक्षक अ, विशेष शाखा पीएचक्यू कमलेश कुमार मिश्रा, प्लाटून कमाण्डर 13वीं वाहिनी छसबल कोरबा डाल सिंह नामदेव, कंपनी कमाण्डर, 15वीं वाहिनी छसबल बीजापुर दिलीप कुमार सिन्हा, एपीसी प्रथम वाहिनी छसबल भिलाई सुशील कुमार बरूआ को प्रदान किया जाएगा। सुकमा के तीन शहीद पुलिस कर्मियों रामूराम नाग एएसआई, कुंजाम जोगा और वंजाम भीमा, आरक्षक समेत 14 अधिकारियों व कर्मियों को राष्ट्रपति का वीरता पदक प्रदान किया जाएगा. वीरता पदक के लिए चयनित अधिकारियों-कर्मियों में सुनील शर्मा, पुलिस अधीक्षक, सुकमा हाल परिसहाय राजभवन, सुकमा के उपनिरीक्षक संदीप कुमार माडिले, आरक्षक मड़कम पाण्डू, मड़कम हड़मा, मड़कम देवा, बारसे हुंगाए, सहायक आरक्षक रोशन गुप्ता, सूरज कुमार मरकाम, (हाल प्रधान आरक्षक, दंतेवाड़ा) आरक्षक माड़वी सन्नू दंतेवाड़ा, कंपनी कमाण्डर, 17वीं वाहिनी छसबल करोड़ सिंह एवं पुरुषोत्तम देवांगन, आरक्षक 941 दंतेवाड़ा शामिल हैं।

### गृह मंत्रालय ने की पदकों की घोषणा, छत्तीसगढ़ से 10 पुलिस अधिकारियों को मिलेगा पदक

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस अफसरों को दिए जाने वाले प्रतिष्ठित पदकों की घोषणा कर दी गई है।



इस साल छत्तीसगढ़ के 10 पुलिस अफसरों को उनके उत्कृष्ट और सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। जिन पुलिस अधिकारियों को सराहनीय कार्यों के लिए पुरस्कार मिलेगा उनमें आईजी राम गोपाल गर्ग, एसएसपी शशि मोहन सिंह,एसपी श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा,राजश्री मिश्रा, एडिशनल एसपी निवेदिता पॉल,मनीषा ठाकुर ,तारकेश्वर पटेल, डीएसपी उनेजा खातून, जयलाल मरकाम और हजारीलाल साहू सम्मानित होंगे।

*छत्तीसगढ़ से रामअवतार सिंह राजपूत को प्रेसिडेंट मेडल से नवाजा गया है। वे वर्तमान में एएसआई के पद पर पदस्थ हैं। लंबे समय से अनुशासित सेवा और कर्तव्यनिष्ठ कार्य के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया है। वहीं, इस बार किसी भी पुलिसकर्मी को वीरता पदक नहीं मिला है।*

## मन की बात में बोले पीएम मोदी- मतदाता बनना जीवन का अहम पड़ाव, इसका जश्न मनाएं

**नई दिल्ली, 25 जनवरी (न्यूज चैनल)।** मेरे प्यारे देशवासियों, नमस्कार साल 2026 का यह पहला मन की बात है। कल हम सभी गणतंत्र दिवस का पर्व मनाएंगे। 26 जनवरी का यह दिन हमें संविधान निर्माताओं को नमन करने का अवसर देता है। आज 25 जनवरी का दिन भी अहम है। आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। मतदाता ही लोकतंत्र की आत्मा होता है। मतदाता बनने को जीवन का एक सामान्य पड़ाव माना जाता है, लेकिन ये अवसर किसी भी नागरिक के जीवन का बड़ा अहम समय होता है। तो हम देश में मतदाता बनने का उत्सव मनाएं। जैसे हम जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हैं, वैसे ही जब कोई युवा मतदाता बने तो पूरा मोहल्ला, गांव या शहर एकजुट होकर उसका अभिनंदन करे। इससे मतदान के प्रति जागरुकता बढ़ेगी। साथ ही ये भावना भी सशक्त होगी की वोटर होना कितना मायने रखता है।



मैं आप सभी की एक और बात के लिए बहुत सराहना करना चाहता हूँ -वजह है मिलेट्स यानि श्रीअन्न । मुझे ये देखकर खुशी है कि श्रीअन्न के प्रति देश के लोगों का लगाव निरंतर बढ़ रहा है। वैसे तो हमने 2023 को मिलेट ईयर घोषित किया था। लेकिन आज तीन साल बाद भी इसको लेकर देश और दुनिया में जो जुनून और समर्पण है, वो बहुत उत्साहित करने वाला है। साथियो, तमिलनाडु के कल्ल-कुरिची जिले में महिला किसानों का एक समूह प्रेरणा स्त्रोत बन गया है। यहां के %पेरीयपालायम श्रीअन्न% एफपीएस से लगभग 800 महिला किसान जुड़ी हैं। इन महिलाओं ने मिलेट्स प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की। अब वो मिलेट्स से बने उत्पादों को सीधे बाजार तक पहुंचा रही है। राजस्थान के रामसर में भी किसान श्रीअन्न को लेकर ऐसा इनोवेशन कर रहे हैं। यहां के रामसर जैविक किसान उत्पादन कंपनी से 900 से ज्यादा किसान जुड़े हैं।

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर संबोधित करेंगी राष्ट्रपति मुर्मू, राष्ट्र के नाम देंगी संदेश

**नई दिल्ली, 25 जनवरी (न्यूज चैनल)।** भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। 26 जनवरी को भारत धूमधाम से अपने लोकतंत्र का त्योहार मनाएगा। समस्त देशवासियों में 26 जनवरी को लेकर उत्साह है। इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देश को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति देशवासियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगी। इसी के साथ वे देश में हुए नवाचारों और देश के उत्थान पर हर्ष व्यक्त करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू देशवासियों को 26 जनवरी के पावन अवसर की शुभकामनाएं देंगी।



75वें गणतंत्र दिवस की थीम 'विकसित भारत और भारत-लोकतंत्र की मातृका' रखी गई है। गणतंत्र दिवस समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ होगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ (पहले राजपथ कहा जाता था) पर ध्वजारोहण करेंगी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह अमर जवान ज्योति पर श्रद्धांजलि देंगे। इस समारोह के मुख्य आकर्षण यानी परेड का समय सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच है। परेड का रुट विजय चौक से नेशनल स्टेडियम के बीच है जो पांच किमी होगा। मुख्य कार्यक्रम दिल्ली स्थित कर्त्तव्य पथ पर होगा। फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि हैं। परेड में फ्रांस की 95 सदस्यीय मार्चिंग टीम और 33 सदस्यीय बैंड दल भी शिरकत करेगा।

## विधवा महिला को प्रेमी की पत्नी, साले और साले की पत्नी ने निर्वस्त्र कर गांव में घुमाया

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, 25 जनवरी (हाईवे चैनल)।** जिले के खोडरी चौकी अंतर्गत रानीझाप गांव में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, जहां विधवा महिला को प्रेमी की पत्नी, साले और साले की पत्नी ने निर्वस्त्र कर गांव में घुमाया. मामले में गौरेला थाना में मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. जानकारी के अनुसार, गांव की विधवा महिला का पहले से ही शादीशुदा पुरुष के साथ प्रेमप्रसंग चल रहा था. इसकी भनक लगते ही प्रेमी की पत्नी, साले और साले की पत्नी ने पहले विधवा महिला के घर घुसकर बाल खींचकर मारपीट किया, फिर उसे निर्वस्त्र कर पूरे गांव में घुमाने के साथ शरीर में गोबर भी लगाया।

इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस गांव में पहुंची और विधवा महिला को प्रेमी के परिजनों के चुंगल से छुड़ाया. इसके साथ दुर्व्यवहार करने वाली तीनों आरोपियों ङ्क प्रेमी की पत्नी सरोज राठौर, साले मनोज राठौर और साले की पत्नी यशोदा राठौर को गौरेला पुलिस ने इस मामले में गिरफ्तार किया है।

